हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# नाम जुड़वाने के लिए आए 16 हजार आवेदन, 22 सौ का नाम विलोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया है। आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी कर दिया जाएगा। करीब डेढ़ महीने तक चली इस प्रक्रिया के दौरान जिले की सभी नगर पालिकाएं एवं पंचायतों के जरिये 16 हजार से अधिक नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं 22 सौ मतदाताओं का नाम अलग-अलग कारणों के चलते विलोपित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव को लेकर अब तैयारियां तेज हो गई है। राजनीतिक दलों के साथ ही प्रशासन भी अपने स्तर पर चुनाव को लेकर प्रक्रियाएं पूरी करने में जुट गया है। अगले 10 दिनों के भीतर आचार संहिता लागू होने की भी चर्चाएं गर्म है। ऐसे में चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम कर लिया गया है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव नगर निगम को लेकर किए गए परिसीमन के विरुद्ध हाईकोर्ट में दायर याचिका के कारण मतदाता सूची तैयार करने का काम नहीं हो पाया था, लेकिन नवंबर के शुरूआती दिनों में याचिका खारिज होने के बाद मतदाता सूची तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया था। अब आज मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो जाएगी।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज, आरक्षण का इंतजार

### ऐसा था कार्यक्रम
जारी कार्यक्रम के अनुसार 18 नवंबर से मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति का दौर शुरू हो जाएगा। 25 नवंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। जिसके बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 नवंबर तक होगा। जितने भी फार्म नाम जुड़वाने, संशोधन एवं विलोपन के लिए आएंगे, उनको 7 दिसंबर तक सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। 11 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।




### अब वार्डों का आरक्षण
मिली जानकारी के अनुसार मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद प्रशासनिक स्तर पर वार्ड आरक्षण को लेकर तैयारियां शुरू कर दी जाएगी। अगले एक सप्ताह में वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। इसके साथ ही महापौर, नपा अध्यक्ष एवं नपं अध्यक्ष पद के लिए प्रदेश स्तर पर आरक्षण किया जाएगा।

### पंचायत में अधिक नाम जुड़े
मिली जानकारी के अनुसार जिले की नगर पालिकओं में नाम जुड़वाने के लिए कुल 6428 आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं पंचायतों में नाम जुड़वाने के लिए 7703 आवेदन आए हैं। ऐसे ही नगर पालिकाओं में नाम संशोधन के 28 एवं नाम निरस्त के 572 आवेदन थे। पंचायतों में नाम संशोधन के लिए 208 एवं नाम निरस्त के लिए 1671 आवेदन आए थे। सभी दावा-आपत्तियों का भी निराकरण कर लिया गया है। इनमें राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगढ़ नगर पालिका, डोंगरगांव नगर पंचायत, छुरिया नगर पंचायत शामिल है।

### प्रदेश सरकार ने भष्टाचार के खिलाफ लिया बड़ा एक्शन
# डोंगरगढ़ नपा में लाखों का घोटाला सीएमओ सहित 5 अधिकारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव / डोंगरगढ़

भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ प्रदेश सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। जिले के डोंगरगढ़ नगर पालिका में वित्तीय अनियमतिता की शिकायत के बाद तत्कालीन सीएमओ यमन देवांगन सहित पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इन अफसरों के खिलाफ जांच में वर्ष 2022 से 2024 के मध्य कराए गए शासकीय कार्यों में भ्रष्टाचार करना पाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार इन पांच अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के पीछे डोंगरगढ़ नगर पालिका में 2022-23 के दौरान अध्यक्ष एवं पार्षद निधि के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7, 9, 15, 20, 21 एवं 22 में नलकूप खनन कार्य, वार्ड क्र. 6 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 8 उद्यान निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 9 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक कार्य, वार्ड क्र. 11 में नाली रोड, मुक्तिधाम में स्टोर रूम निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 19 में आरसीसी नाली निर्माण, सीसी प्लोरिंग कार्य, वार्ड क्र. 21 में पाईप लाइन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड 23 में जिम सामग्री क्रय, पानी टंकीमय मोटर पंप स्थापना कार्य शामिल है। इसके अलावा मंच निर्माण कार्यों हेतु निविदा समिति में लेखापाल को समाहित नहीं किया गया। जिससे वित्तीय परीक्षण प्रश्नाधीन होने, प्लेसमेंट कर्मचारी को प्रभारी लिपिक का दर्जा देते निविदा समिति में सदस्य बनाए जाने, विभिन्न कार्यों में बिना गुणवत्ता परीक्षण, बगैर टेस्ट रिपोर्ट के अनियमित भुगतान की कार्रवाई करने, समस्त कार्यों में प्रयुक्त होने वाले लोहे का विवरण माप पुस्तिका में इंद्राज नहीं कर मैन्युअल प्रावधानों के विपरीत कार्य करने, धड़ी स्थापना में बगैर वित्तीय स्वीकृति के भुगतान तथा 14वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वर्ष 2020-21 में रोड निर्माण में त्रुटिपूर्वक निविदा कार्रवाई निष्पादित कर गुणवत्ताहीन कार्य कराने के लिए प्रारंभिक जांच में अवचार का दोषी पाए गए हैं।

## नगर पालिका के अफसरों पर कार्रवाई से मची खलबली




### हरिभूमि की खबर का असर
डोंगरगढ़ नगर पालिका में पदस्थ अधिकारियों के कार्यकाल में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी और फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है। हरिभूमि ने इस फर्जीवाड़े की पोल भी खोली थी। राज्य शासन ने मामले को गंभीरता से लेते जांच के आदेश जारी किए थे। जांच के बाद शासन ने दोषियों पर बड़ी कार्रवाई की है।

### बिना टेस्ट रिपोर्ट से भुगतान
नगर पालिका में पदस्थ अफसरो द्वारा निर्माण कामों के भुगतान में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की है। बिना टेस्ट रिपोर्ट के ही भुगतान कर दियाग या है। वहीं फिल्टर प्लांट में लगने वाले एलम और प्लीचिंग पावडर की वित्तीय सीमा से ज्यादा की खरीदी कर दी है।

### ये अफसर किए गए निलंबित
मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन डोंगरगढ़ नपा सीएमओ यमन देवांगन, प्रभारी नपा प्रमोद शुक्ला, उप अभियंता रितेश स्थापक, उप अभियंता किशोर ठाकुर एवं लेकापाल दीपा भिवगढ़े का नाम शामिल है। इन सभी के खिलाफ प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी करना पाया जाने के बाद एक्शन लिया गया है।

# मारपीट और चाकू लहराने वाले आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मारपीट कर चाकू लहराकर डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। वहीं मारपीट के एक अन्य मामले में भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 9 दिसंबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 दिसंबर के करीबन साढे 6 बजे वह चिखली पान ठेला के पास बैठा था। उसी समय बाइक से शेख शहबाज उर्फ शिब्बू और उसका साथी अदनान कुरैशी आए और दोनों शराब के नशे में वहां पर खड़े होकर गाली-गुप्तार करने लगे। प्रार्थी ने गाली-गलौज देने से मना किया तो दोनों तुम कौन होते हो मना करने वाला बोलकर दोनों एक राय होकर हाथ-मुक्का से मारपीट किया। शिब्बू का दोस्त चाकू लहराकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देकर डरा रहा था। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) भा.ना.सं. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में आरोपी सुधांशु पात्रे 23 साल निवासी रामनगर, शेख आलम 22 साल साकिन शंकरपुर एवं नागेश खंडारे 20 साल साकिन रामनगर को पकड़कर पूछताछ करने पर अपराध कबूल करने से विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया। मामले के अन्य आरोपियों की पतासाजी किया जा रहा है। उपरोक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, प्रधान आरक्षक समारूराम सर्पा, संतोष मिश्रा, अरविंद साहू, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, सुल्ताना बेगम एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।



### आरोपी पकड़ाए
इस मामले में आरोपियो का गठुला नाला तरफ छिपने की पुख्ता सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी मोहम्मद अदनान कुरैशी 28 साल साकिन गौरीनगर व शेख शहबाज उर्फ शिब्बू 28 साल साकिन स्टेशनपारा को पकड़ा गया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू व लाल रंग के पल्सर बाइक को विधिवत जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### न्यूज बनाने पर पिटाई
इसी तरह 7 दिसंबर को प्रार्थी ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 दिसंबर को नेशनल हाईवे रोड पर शेरे पंजाब ढाबा में जन्मदिन मनाने के दौरान दोस्तों के बीच विवाद हो गया था। चाकूबाजी करने घटना का न्यूज बनाकर चैनल पर वीडियो अपलोड करने की बात से आरोपियों ने प्रार्थी के घर के पास जाकर तुमने न्यूज क्यों बनाया, कहकर मारपीट करना और मोबाइल को पटक देने की बात पर नामजद अपराध दर्ज किया गया था।

# महाकुंभ के लिए चलेगी तीन स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने की तैयारी की है, ताकि उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे। महाकुंभ के दौरान 3000 स्पेशल गाडियां सहित 13000 से अधिक रेल गाडियां चलायी जाएगी।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जो रायगढ़, वाराणसी, दुर्ग, वाराणसी एवं बिलासपुर, वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है। 08251-08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791-08792 दुर्ग-वाराणसी- दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253- 08254 बिलासपुर-वाराणसी- बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है।

### नांदगांव में स्टापेज



08253-08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन, बिलासपुर से 22 फरवरी 2025 को एवं वाराणसी से 24 फरवरी 2025 को रवाना होगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडीए, 04 सामान्य, 14 स्लीपर, 01 एसी टूयर, 01 एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन का स्टापेज राजनांदगांव में भी दिया गया है। यह ट्रेन व्याहा-जबलपुर होकर जाएगी।

### रायगढ़ से 25 को होगी रवाना
08251-08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल रायगढ़ से 25 जनवरी 2025 को एवं वाराणसी से 27 जनवरी 2025 को रवाना होगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 14 स्लीपर, 01 एसी टूयर, 01 एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी।

### 8 को दुर्ग से होगी रवाना
08791-08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल दुर्ग से 08 फरवरी 2025 को एवं वाराणसी से 10 फरवरी 2025 को रवाना होगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडीए, 04 सामान्य, 14 स्लीपर, 01 एसी टूयर, 01 एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के साथ चलेगी।

# निकाय के नियमित कर्मचारियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों के बाद अब नियमित कर्मचारी भी बुधवार से अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे। जिससे नगर निगम में पूरी तरह से कामकाज ठप हो जाएगा।

नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले प्रदेश स्तर पर नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी अपनी 6 सूत्रीय मांगों के लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

### प्रदेश स्तरीय आंदोलन में होंगे शामिल



हड़ताल पर जा रहे नगर निगम के कर्मचारी सुबह 9 बजे निगम परिसर के समीप एकत्रित होंगे और यहां से प्रदेश व्यापी हड़ताल में शामिल होने राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। नगरीय निकाय के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से नगर निगम में कामकाज प्रभावित हो गया है।

### मूलभूत कार्य होंगे प्रभावित
राजनांदगांव नगर निगम में लगभग 400 नियमित कर्मचारी है। वहीं लगभग 500 प्लेसमेंट कर्मचारी पहले ही हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में एक साथ सैकड़ों कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से मूलभूत कार्यों पर ब्रेक लगेगा। जिससे पानी, बिजली, सफाई जैसे कार्य प्रभावित होंगे।

### कर्मचारियों ने की छह सूत्रीय मांग
अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर ज्ञापन के माध्यम से नगरीय निकाय कर्मचारियों ने शासन से 6 सूत्रीय मांग की है। जिसमें कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, 6वें एवं 7वें वेतनमान की एरियर्स राशि प्रदान करने, अनुकंपा नियुक्तियां शीघ्र करने, 10 वर्ष सेवा पश्चात अधिकारी-कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति देने और निकायों में ठेका पद्धति को समाप्त कर ठेका कर्मचारियों को निकाय में सम्मिलित करने की मांग की जा रही है।

# शराब पीने जगह उपलब्ध कराया चार ढाबा संचालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ढाबों में अवैध रूप से शराब पिलाने की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर पुलिस ने ढाबों में दबिश देकर अवैध रूप से धन अर्जन के उद्देश्य से शराब पिलाने के लिए जगह मुहैया कराने वालों खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लालबाग नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवं चाकूबाज अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### आबकारी एक्ट की कार्रवाई
इस दौरान ढाबों में अवैध रूप से शराब पिलाने के लिए स्थान उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने आरोपी ढाबा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसमें बिहार पटना ढाबा के संचालक उदेश यादव 23 वर्ष, दशमेश खालसा ढाबा बनभेड़ी का संचालक अवतार सिंह 31 वर्ष, पायल ढाबा का संचालक मनीष तेजवानी 30 वर्ष एवं भापे जी ढाबा संचालक मोहम्मद हासिम खान 55 पुलिस के अनुसार चारों अपने अपने ढाबा में शराब पिलाने जगह मुहैया कराते मिले। जिनके खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

## स्थानीय चुनावों में होगी जोरदार जीत, संगठन और अफसरों के साथ की बैठक
# अवैध तरीके से रहने वालों को निकालेंगे बाहर: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रभारी मंत्री एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा, बस्तर और कोंडागांव की तरह ही राजनांदगांव में भी अवैध तरीके से रहने वाले बाहरी लोगों को जिले से बाहर करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को सख्त रूप से इस दिशा में काम करने के निर्देश दिए गए हैं। आने वाले दिनों में होने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा इन चुनावों में भी जोरदार जीत हासिल करने जा रही है।

राजनांदगांव दौरे पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए संगठन स्तर पर व्यापक तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्थानीय चुनाव में प्रचंड बहुमत से अपनी जीत दर्ज करेगी। इसके साथ ही प्रदेश में अवैध तरीके से रहने वाले लोगों के मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा और बस्तर से लगभग 1000 लोगों को भगाया गया है। वहीं कोंडागांव में लगभग 50 लोग जेल में हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में भी ऐसे लोग हैं, ऐसे अवैध तरीके से रहने वाले सभी बाहरी लोगों को निकाला जाएगा।

**पीएससी घोटाले के तार दूर तक जाएंगे** : पीएससी घोटाले के मामले में कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि पीएसी के तार और दूर तक जाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि शराब घोटाले के लिकेज पॉइंट को हमारी सरकार ने बंद किया। कोयला घोटाला के ऑफलाइन प्रक्रिया को सरकार ने एक झटके में बंद किया है।




### अफसरों से जाना जिले का हाल
सोमवार देर रात भाजपा संगठन की बैठक करने के बाद अगले दिन मंगलवार को प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने अफसरों की बैठक ली। इसमें उन्होंने सभी योजनाओं का जिले में हाल जाना। इसके अलावा कई विषयों को लेकर सुधार करने भी कहा।

### गृहमंत्री ने ली बैठक
प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा ली गई बैठक में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने मन की बातें बताई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश नेताओं द्वारा अफसरों की तानाशाही की शिकायतें इसमें की गई।

### राजनीति के लिए कांग्रेस कर रही विरोध
धान खरीदी के मामले में कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किए जाने को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के वक्त चार किस्तों में किसानों को राशि दी जा रही थी। आज विष्णुदेव साय सरकार एकड़ के पीछे 21 क्विंटल धान खरीद रही है और हर क्विंटल पर 3100 रुपए दे रही है। उन्होंने कहा कि अंतर की शेष राशि को सरकार एकमुश्त देगी। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति के लिए विरोध कर रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध — ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
- सीने में भारीपन
- उच्च रक्तचाप,
- ब्लड शुगर, • थायराइड
- चलने पर सांस फूलना,
- कंधों में जकड़न,
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
- पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### उच्च शिक्षा से ही जीवन में सफलता



**जेवरतला रोड।** विद्यालय संपर्क अभियान के तहत नवीन महाविद्यालय के व्याख्याता श्री जोशी और श्री बंजारे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा पहुंचे। उन्होंने उच्च शिक्षा की जरूरत पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा से बौद्धिक क्षमता का विकास होता है साथ रोजगार के अवसर मिलते हैं। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आरके देवांगन ने बताया कि जीवन में सफल होने एवं प्रतिष्ठा के लिए उच्च शिक्षित होना जरूरी है। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता आरडी देवांगन, रेशमी साहू, हेपशिबा एंथोनी, बिंदु साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### धरसा पर कब्जा करने की शिकायत

**कोकपुर।** ग्राम पंचायत कोकपुर के सरपंच ठाकुरराम साहू ने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित कर अरसीटोला स्थित शासकीय भूमि खसरा न. 78 रकबा 2.87/1.161 हेक्टयर में हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन पर कतिपय किसानों द्वारा कब्जा करने के बाद खेती किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामवासियों की मांग पर पूर्व में राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी ने धरसा नाप कर चिन्हांकित किया था पंचायत अतिक्रमण हटाने के लिए तीन बार नोटिस जारी किया जा चुका है जिसके बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने सड़क रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

### शिक्षकों का किया सम्मान



**बांधाबाजार।** आलकन्हार में गत दिनों संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एसएस पडौती, जीआर चन्द्रवंशी, महेश पिस्दा, विष्णुराम बेलसारे शामिल हुए। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य गौरीशंकर साहू ने किया। विशेष अतिथि पीएल साहू थे। इस मौके पर शिक्षकों को साल, श्रीफल, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ललित देवांगन, विनोद सिन्हा, धरमसिंह, महेश रावटे, विकास पटेल, रंजू बंडोले, आरती सोनी, मनोज चन्द्रवंशी, हीरालाल आर्य, रमेश धलेन्द्र, भंवरसिंह साहू, छबिलाल कोरेटे, यशवंत महले, योगेश्वरी, जितेंद्र पटेल, गैंदराम, लालचंद वर्मा, श्याम बढ़ई, तरुणलता साहू, राजेश रामटेके, भुनेश्वरी सहारे, सेवाराम जोशी, जैखूराम कोरेटी आदि उपस्थित थे।

### निर्मला बनी लोधी समाज की अंकेक्षक



**सड़क अतरिया।** प्रदेश महिला लोधी समाज की कार्यकारिणी का गत दिनों विस्तार किया। कार्यकारिणी में जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा को प्रदेश महिला लोधी समाज के अंकेक्षक पद पर मनोनीत किया गया है। श्रीमती वर्मा के अंकेक्षक बनने पर लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम जंघेल, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जंघेल, विष्णु लोधी, उत्तम जंघेल, मोतीलाल जंघेल, गैंदूराम जंघेल, अशोक जंघेल, हर्षवर्धन वर्मा, कैलाश वर्मा, राहुल सिंह, लिखन जंघेल, गोरेलाल, ज्योति जंघेल, कविता जंघेल, प्रियंका जंघेल, शारदा जंघेल, रूखमणी वर्मा, रेखा जंघेल, रेणुका वर्मा आदि ने बधाई दिया है।

### भरदागोड़ में कबड्डी स्पर्धा 19 को

**सड़क अतरिया।** भरदागोड़ में कबड्डी टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 19 दिसम्बर को रात्रिकालीन कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। स्पर्धा में विजेता को 10 हजार एवं उपविजेता को 7 हजार दिया जाएगा। तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को क्रमशः 4 हजार, 3 हजार दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 350 रूपए निर्धारित है।


### डीईओ ने स्कूल का लिया जायजा



**डोंगरगांव।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण बाद विभिन्न कक्षाओं के बच्चों को कैरियर की संभावनाओं से अवगत कराया। बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने प्रेरित किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं की मीटिंग लेकर बोर्ड परीक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने समय पर सिलेबस पूरा करने, प्रश्न बैंक से तैयारी करवाने और बच्चों को विभिन्न परीक्षाओं जैसे नवोदय प्रवेश परीक्षा, सैनिक स्कूल एग्जाम, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एवं स्कॉलरशिप हेतु एनएमएमएस की जानकारी देने एवं भाग लेने हेतु प्रेरित करने कहा। इस मौके पर एबीईओ जयंत साहू आदि मौजूद थे।

## धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

# धान की पूरी कीमत एकमुश्त दे सरकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान की पूरी कीमत का एक मुश्त भुगतान करने एवं सोसायटी में अव्यवस्था के विरोध में कांग्रेसजनों ने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में धरना दिया। प्रदर्शन।

प्रदेश इंका अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में अछोली समिति के सामने धरना दिया गया। यह प्रदर्शन किसानों को टोकन नहीं मिलने, बारदाने की कमी, धान खरीदी बंद होने, प्रति क्विंटल 31 सौ की दर भुगतान नहीं करने के विरोध में किया गया। आंदोलन में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, चुम्मन साहू, विष्णु लोधी, गोकुल वर्मा, पंचराम चंदेल, योधनदास साहू, कीर्तन कंवर, गोकरण कोसले, दिनेतू जांगड़े, हरक पटेल ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। सभा के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार सौंपा गया। प्रदर्शन में मनीषा नेताम, पंचराम चंदेल, दशरथ ठाकुर, पल्टू लहरे, जगदेव साहू, सामसाय टांडेकर, रुपेश वर्मा, भुवनेश्वर साहू, कीर्तन कंवर, गंगाराम, सतानंद कंवर, घनश्याम साहू, संतोष हठीले, शेरसिंग लहरे, पुनाराम साहू, संतराम साहू, पतिराम, कीर्तन मंडावी, घनश्याम साहू, रमन साहू, किशोर बैस आदि उपस्थित थे।

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सुरगी।** जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव और अन्य कांग्रेस नेताओं ने ग्राम के धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां अनेक खामियां देखने मिली। अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। श्री यादव ने कहा कि 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू है लेकिन खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। बारदाना की कमी से खरीदी बाधित हो रही है। किसानों को 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था करने कहा जा रहा है किन्तु उसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कांटा से तौल करने के बाद भी 1.5 से 2.5 किलोग्राम तक अधिक धान तौला जा रहा है। उठाव नहीं होने के कारण धान के बोरे जाम है। इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, पंकज बांधव, दुर्गेश द्विवेदी, अजय मार्कंडेय, तुकज साहू, योगेन्द्र वैष्णव, रोहित चंदाकर, रोशनी वैष्णव, भेखदास साहू, लोकेश गंगवीर, दिलीप चंद्राकर, जनक साहू, सावंत साहू, हेमंत साहू, चुम्मन निषाद, महेश दिवाकर, गुमान ढीमर, धन्ना साहू, हुलासी ढीमर, चैन साहू, धर्मेन्द्र साहु, मानसिंग साहू, तेजेन्द्र वैष्णव, तारा साहू, शनि साहू, ओमप्रकाश साहू, तीरथ साहू, देवेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे।

### अव्यवस्था से कांग्रेसजन नाराज



**घुमका।** कृषक सेवा सहकारी समिति पटेवा में मंगलवार को धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसजनों ने बारदाने की समस्या, इलेक्ट्रॉनिक कांटा से तौल, परिवहन नहीं होने एवं टोकन सिस्टम को अव्यावहारिक बताते सुधार की मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, प्रहलाद यादव, सौरभ वैष्णव, शेखर वर्मा, छन्नू आडिल, ललित चांदतारे, अमित राजपूत, शिव साहू दीपक साहू आदि मौजूद थे।

# ट्रक से टकराई मोटर साइकिल, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



घिरघोली में सोमवार की रात सड़क किनारे खड़े ट्रक से मोटर सायकिल टकराने से एक युवक की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार घिरघोली हाईस्कूल के सामने धान से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एए 6960 दो दिन से खड़ा था। सोमवार की रात भुवन जंघेल पिता राजकुमार जंघेल तथा राजेश जंघेल मोटर साईकिल से आवास मोहल्ला से बस्ती की ओर आ रहे थे। तेज रफ्तार मोटर साइकिल ट्रक से टकरा कर गई। ग्रामीणों के अनुसार मोटर साइकिल ट्रक के पीछे लगे बम्फर को तोडते हुए अंदर जा घुसी। टकराने से मोटर साइकिल के परखच्चे उड़ गए। दोनों घायलों को छुईखदान चिकित्सालय ले जाया गया जहां जांच के बाद भुवन जंघेल को मृत घोषित कर दिया गया। राजेश के सिर, जबड़ा, नाक एवं सीने में चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। मृत भुवन का पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। छुईखदान पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# ब्राम्हण समाज ने मांगा 10 फीसदी आरक्षण

## पदाधिकारियों ने कहा : गरीबी जाति देखकर नहीं आती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



नगर में पहली बार सर्व ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, शशिकांत तिवारी, सुमित शर्मा, विक्रांत शर्मा, मौलेश तिवारी, पोषण शुक्ला, लव मिश्रा, कनक दत्ता दुबे, विजेता शर्मा, अर्चना बाजपेयी, विनोद तिवारी, गोपाल तिवारी, दौवा तिवारी, रुखम प्रसाद दुबे, पूनम सुरेश शर्मा, पवन तिवारी, लखन मिश्रा , मिथलेश दुबे आदि शामिल हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने शनैश्वर धाम एवं मां दन्तेश्वरी मंदिर में विधि विधान के साथ पूजन अर्चना किया। कार्यक्रम का शुभारंभ परशुराम की पूजा से हुआ। ब्लाक सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष टीकम प्रसाद पांडेय ने अतिथियों स्वागत करते हुए गठन और समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्य का विवरण प्रस्तुत किया। प्रकाश शर्मा ने समाज को एकसूत्र में पिरोने तथा रचनात्मक कार्य की जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मिश्रा ने अंतर्जातीय विवाह रोकने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बेटा और बेटी की शादी समाज में ही होना चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने ब्राह्मण समाज की एकजुटता को जरूरी बताते हुए कहा कि ब्राह्मण मजबूत होगा तो देश और राज्य मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि ब्राम्हण किसी जाति या धर्म का विरोध नहीं करता लेकिन समय आने पर शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठा सकता है। उन्होंने आर्थिक आरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि गरीबी जाति देखकर नहीं आती। राज्य सरकार शीघ्र 10 प्रतिशत आरक्षण नहीं देती है तो आंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन दिग्विजय शर्मा ने किया। सम्मेलन में प्रहलाद मिश्रा, अवधेश दुबे, यशवंत तिवारी, तोरण शर्मा, पवन तिवारी, मनीष त्रिपाठी, अभय बाजपेयी, दीपक दुबे, अनंत तिवारी, सतीश तिवारी, रूखम पांडे, नरेश शुक्ला, कुमुदकिशोर शुक्ला, आशीष शर्मा, सुनील पांडेय, दीपक दुबे, रामकिशोर तिवारी, पप्पू तिवारी, सतीश शर्मा, दीपिका पांडे, हरिचंद त्रिपाठी, सुनीता पांडे, आरती दुबे, मुस्कान दुबे, प्राची तिवारी, प्रभा दुबे, पूनम शर्मा, तन्नू दुबे, सुषमा दुबे, मधुसूदन पांडेय, अश्वनी पांडेय, भूपेंद्र मिश्रा, ऋचा त्रिपाठी, रिकी शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# अग्रवाल समाज की तीर्थयात्रा मार्च में

- डोंगरगढ़ से रवाना होगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं श्री अयोध्या तक स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन से यात्रा का प्रोग्राम तय किया है। यह यात्रा आगामी आगामी 15 मार्च को डोंगरगढ़ से आरंभ होगी। यात्रा को लेकर बिलासपुर में राजेंद्र अग्रवाल राजू के फार्म हाउस में बैठक का आयोजन किया गया था। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि यात्रा समाज के आराध्य भगवान श्री अग्रसेन के नाम पर तय किया गया है। इससे पहले 2010 में ऐसी ही एक यात्रा अग्रोहा धाम के लिए प्रारंभ हुई थी।

यात्रा प्रभारी राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि श्री अग्रसेन अयोध्या तीर्थ यात्रा में प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं अयोध्या से स्टॉपेज रहेंगे। यह यात्रा सुपरफास्ट ट्रेन से आगामी 15 मार्च को मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ से प्रारंभ होकर राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, उसलापुर होते हुए प्रयागराज, विंध्याचल, वाराणसी एवं अयोध्या तीर्थ तक जाएगी। आगामी 20 मार्च को ट्रेन डोंगरगढ़ वापस पहुंचेगी। ट्रेन 18 कोच होगी जिसमें स्लीपर, एसी 3 टायर, एसी 2 टायर के कोच रहेंगे। प्रांतीय चेयरमेन अशोक मोदी ने बताया कि 15 मार्च को यात्रा प्रारंभ होकर 16 मार्च प्रयागराज पहुंचेगी। यहां संगम स्नान के बाद धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुए यात्रा विंध्याचल पहुंचेगी। शक्तिपीठ के दर्शन के बाद 17 मार्च को वाराणसी, 18 मार्च को अयोध्या पहुंचेगी। यहां दो दिन मंदिरों के दर्शन के बाद 19 मार्च का ट्रेन अयोध्या से प्रस्थान कर 20 मार्च तक डोंगरगढ़ पहुंचेगी।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें


8319268069, 9425565082

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## राज्य स्तरीय स्पर्धा का रंगारंग समापन

# फुटबाल स्पर्धा में दुर्ग टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



हाईस्कूल ग्राउण्ड में डॉक्टर इलेवन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन रोचक मुकाबले के साथ हुआ। फायनल मैच डोंगरगढ़ और दुर्ग टीम के बीच हुआ।

उत्कृष्ट खेल के दम पर दुर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला भारी कश्मकश के साथ बराबरी में समाप्त हुआ। आपसी विवाद के चलते कुछ देर मैच बाधित भी हुआ। ट्राईब्रेकर में दुर्ग की टीम ने डोंगरगढ़ को आसानी से हरा दिया। इस टुर्नामेंट में प्रदेश की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। समापन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारती, उमा महेश वर्मा, महेन्द्र पटेल, अमित जैन, किशोर जैन की उपस्थिति दर्ज में हुआ। बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति में अतिथियों ने विजेता दुर्ग को 21 हजार नगद, स्व. सेठ भागचंद नर्मदा देवी की स्मृति में शील्ड, डोंगरगढ़ टीम को 15 हजार ओर डॉ. अरविंद विश्वास की ओर से शील्ड दिया गया। इस मौके पर धीरज मेश्राम, अशोक साहु, सविता दरगड़, विजयराज चौहान, भुषण मेश्राम, नीलू फ्रांसिस, हरजीतसिंग पोल्ले, मनोज गुप्ता, सिद्धार्थ नागदेव, अशोक डे, मित्ते सिंग सहित अन्य मौजूद थे।

### खिलाड़ियों का भी सम्मान

व्यक्तिगत तौर पर 11 हजार, मैन आफ द टुर्नामेंट मो रजा, बेस्ट स्कोरर का पुरूस्कार 2121 रूपए विकास नामदेव की ओर से दिया गया।टुर्नामेंट में मैन आफ द मैच के अलावा फाइनल मैच तक हजारों रूपए घोषणा के अनुसार दिया गया। आयोजन में प्रो. मुन्नालाल नंदेश्वर, टम्मी नामदेव, अमन डकहा, सचिन मेश्राम, निखिल जैन, अमित कन्नोजिया, राजेश बघेल, पिकू विश्वास का योगदान रहा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उपार्जन केन्द्रों में जाम के हालात

**सड़क अतरिया।** उपार्जन केन्द्रों में परिवहन एवं स्थानाभाव की समस्या दिन ब दिन बढ़ते जा रही है। क्षेत्र के सभी केन्द्रों में बफर लिमिट से दो से तीन गुना धान जाम हो गया है। कुछ केन्द्रों में डीओ कटने के बाद धान का उठाव सुस्त है। कहीं आवक के हिसाब से उठाव नहीं हो रहा है। अब तक 7840 क्विंटल धान का डीओ कटा है जबकि उठाव मात्र 1660 क्विंटल का हुआ है। कुकुरमुडा अतरिया से 5880 का डीओ जारी होने के बाद 2140 क्विंटल, विचारपुर से 5440 क्विंटल धान का उठाव हो पाया है। अन्य केन्द्रों 15 से 20 हजार क्विंटल धान का स्टाक है। धान जाम होने के कारण खरीदी प्रभावित हो रही है। वाहन को बारी बारी से आने की अनुमति दी जा रही है।

### नारायणसिंह को किया नमन

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता



सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। बच्चों ने अमर शहीद की गाथा बताया। इस मौके पर 1857 की क्रांति के बारे में बच्चों को बताया गया। बच्चों ने दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प माला अर्पित कर शहीद श्री सिंह को नमन किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख संजीव ध्रुव ने शहीद नारायण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। सभी बच्चों को एक लेखनी दिया गया। इस दौरान मोहित धुर्वे, मुकेश साहू, राजबाई विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### नक्सल क्षेत्र के विकास की समीक्षा

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने मानपुर के सामुदायिक भवन में ग्राम




पंचायतों में चल रहे एलडब्ल्यूई सैचुरेशन सर्वे के संबंध में सर्वेयर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने सर्वेक्षण का कार्य 15 दिसंबर तक पूर्ण करने निर्देशित किया। सर्वेक्षण के दौरान निर्धारित विभिन्न योजनाओं को आमजनो तक आसान पहुंचाने निर्देशित किया। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्या को सूचीबद्ध करने कहा जिससे बाधाओं को दूर किया जा सके। ऑनलाइन एंट्री समय सीमा में पूर्ण करने कहा गया। बैठक में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी मानपुर अमित नाथ योगी, जनपद सीईओ मोहम्मद हनीश सहित अन्य मौजूद थे।

### परिवहन नहीं होने पर धान खरीदी बंद करने की चेतावनी

**गंडई पंडरिया।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के सदस्य धान का



परिवहन नही होने से हताहत है। समितियों में धान का समुचित परिवहन नहीं होने की जानकारियां सामने आ रही है जिसे देखते हुए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष रूप नारायण हिरवानी, आरिफ खान, कोषाध्यक्ष बालकिशन वर्मा, सचिव लोकेश देवांगन सहित दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने धान का परिवहन करने कलेक्टर को आवेदन दिया है। उन्होंने पत्र में बताया कि जिले की 38 सोसायटी के 51 उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से 3 से 4 गुना धान संग्रहित हो चुका है। धान का अधिक स्टॉक होने से डेनेज एवं तिरपाल की व्यवस्था किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि धान की सूखत आने पर परेशानी होती है। उन्होंने धान का परिवहन नहीं होने से आगामी 13 दिसम्बर से धान खरीदी बंद करने की चेतावनी दी है।

### ढाई सौ बिजली बकायेदारों से 9 लाख वसूली

**डोंगरगांव।** बिजली बिल के भुगतान में कोताही करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता पीसी साहू के मार्गदर्शन में एक से 9 दिसंबर तक संभाग अंतर्गत आने वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंताओं ने 249 बकायादार उपभोक्ताओं से 8.69 लाख वसूल किया। वहीं 68 उपभोक्ता जिनसे 1.77 लाख लेना है का विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया गया। जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत अंतर्गत बकाया राशि वाले 10 उपभोक्ताओं से 73 हजार वसूल किया गया है। श्री साहू ने उपभोक्ताओं से बकाया राशि का समय पर भुगतान करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि देयक का भुगतान कर उपभोक्ता कनेक्शन विच्छेदन या कानूनी कार्यवाही से बच सकते हैं।

### शिविर में 19 यूनिट रक्त का दान

**छुईखदान।** रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र




छुईखदान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव के सहयोग एवं अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान किया। शिविर में 19 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर ब्लड सेंटर के काउंसलर जगदीश सोनी ने रक्तदान को लेकर जागरूक करते हुए इसके फायदे बताया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ्य पुरुष व महिला जिसका वजन 50 किलो से अधिक हो तथा 18 से 60 वर्ष आयु का व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। इस मौके पर संजय महोबिया ने रक्तदान को इसलिये आवश्यक बताया ताकि समय पर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता डॉ. गुप्ता ने बताया कि सभी रक्तदान करना चाहिए ताकि लोगों की जान बचाया जा सके। इस मौके पर जगदीश सोनी, डॉ. मेघा धनके, डॉ. हेमलता पोकले, उषा बोरकर, श्रीमति एसआर पॉल एवं नरेन्द्र वर्मा उपस्थित थे। संचालन डॉ. अरविन्द नंदनवार ने किया। इस मौके पर राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, डॉ. चेतना बंजारे, डॉ. पंकज भार्गव, डॉ. एसए ढेंगे, डॉ. कन्हैया लाल, भावना, कोमल गांवरे, डॉ. रायसेन पाल, सुनील मधुकर, जलेश्वरी कंवर आदि मौजूद थे।

## खरीदी केन्द्रों में किसानों को हो रही परेशानी

# धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



धान खरीदी केंद्रों मे अव्यवस्था और किसानों की समस्याओं को देखते हुए प्रदेश संगठन के निर्देश पर कांग्रेसियों ने हस्तक्षेप की मांग करते हुए महामहिम के नाम का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, हिमांचल सिंह राजपूत, दीपक देवांगन, रविंद्र सिंह गुड्डा, नदीम मेमन, संदीप सिरमौर, सूर्यकांत यादव, बलदाऊ सिंह, संतराम निषाद सहित अन्य ने कहा कि खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था और सरकार की नीतियों के चलते अन्नदाता किसान परेशान हो रहे है।

बारदानो की कमी, टोकन की अव्यवहारिक प्रक्रिया, इलेक्ट्रानिक कांटा, धान के उठाव में देरी, 21 क्विंटल एकड़ की जगह आनावारी रिपोर्ट के आधार पर कम मात्रा में धान खरीदी जैसे अनेक विषयों पर महामहिम का ध्यानाकर्षण कराते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खरीदी केंद्रों में निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई कि किसी भी किसान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी नही हो रही है। बड़े किसान अभी भी धान बेचने पारी का इंतजार कर रहे है। चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने वादा किया था कि सरकार बनने के बाद 72 घंटो के भीतर किसानों के बैंक खाते में 31 सौ प्रति क्विंटल की दर से राशि आ जाएगी, लेकिन अब सप्ताह पंद्रह दिन बीतने के बाद 23 सौ प्रति क्विंटल के हिसाब से पैसा आ रहा है।

### समर्थन मूल्य 117 जोड़कर करें भुगतान

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मिलर को डायरेक्ट देने की जगह संग्रहण केंद्रों में धान रखा जा रहा जिसके कारण परिवहन की लागत बढ़ रही है। बीज उत्पादक किसानों से धान नही खरीदने का हिटलरी फरमान समितियों में चस्पा कर दिया गया है इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी की दर 31 सौ की जगह 3217 रूपए करने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा ने सरकार बनने पर 31 सौ में खरीदी का वादा किया था, लेकिन अब जब केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य मे 117 रूपयों का इजाफा कर दिया है तो प्रदेश सरकार को भी इस दर में खरीदी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस राज के दौरान 25 सौ के वादा करने के बाद समर्थन मूल्य बढ़ने पर किसानों को 2640 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया था। महामहिम से पूरे मामले को संज्ञान में लेकर हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौपा और कहा कि बीते साल सूखत का पैसा भी समितियों को अभी तक नही दिया गया है उसे भी प्रदेश सरकार को जल्द जारी करने का निर्देश दिया जाए।



## कांग्रेस ने निकाली संविधान यात्रा, सरकार पर तीखे वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

26 नवंबर से आगामी 26 जनवरी तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी संविधान अभियान के तहत यात्रा निकाल कर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने भाजपा के खिलाफ के हल्ला बोला। संविधान रक्षा यात्रा की शुरूवात पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार के नेतृत्व में तहसील कार्ययलय के पास से हुई। शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यात्रा गोलबाजार आजाद चौक पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। कार्यक्रम की शुरूवात महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सभा में यात्रा प्रभारी रूद्र गुरू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला अध्यक्ष भागवत साहु सहित अन्य ने केन्द्र सरकार पर संविधान बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कि सरकार गरीबों को उनके हक से वंचित करने और सामाजिक समरस्ता को खत्म करने का प्रयास कर रही है। नेताओं ने सभी से यात्रा में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आव्हान किया।

### यात्रा से दूर रहे आमजन

इस यात्रा से आम लोगों को जोड़कर एकत्रीत करने में कांग्रेसी असफल नजर आए। शहर के अनुसूचित जाति एवं जन जाति के जनप्रतिनिधियों उपस्थिति दर्ज कराया किन्तु सामान्य लोगों की उपस्थिति नगण्य रही। कार्यक्रम में 35 से 40 जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान संध्या देशपांडे, विष्णु लोधी, बशीर खान, प्रदीप शर्मा, धीरज मेश्राम, सुदेश मेश्राम, विजयराज चौहान, शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, लोकनाथ भारती, फिरंगीलाल पटेल, रिम्मी भाटिया, चुम्मन साहु, प्रमोद टेम्भूर्निकर, प्यारेलाल पुरोहित, जितेन्द्र सिंग, कृष्णा लिल्हारे, किरण मेश्राम, पल्टूराम लहरे, रामजी तराने आदि उपस्थित थे।

## उम्र की सीमा तय होने से वरिष्ठ भाजपाई खफा

- कोर कमेटी में मंथन शुरू, तीन नाम आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भाजपा की गाइडलाईन के अनुसार स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं के साथ तालमेल बैठाकर बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति और शहर अध्यक्ष के चयन की तैयारी शुरू हो गई है। मंडल अध्यक्ष के लिए आयु सीमा तय होने के बाद आपसी खीचतान बढ़ गई है। तय उम्र सीमा पार कर चुके वरिष्ठ दावेदारों में नाराजगी देखने मिल रही है वहीं नए लोगों में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार अध्यक्ष के लिए जिला भाजपा ने कोर कामेटी का गठन किया है। बिना किसी मापदंड के कमेटी गठन पर सवाल उठने लगे है। पार्टी में गुटबाजी चरम पर है हालाकि पारदर्षिता के साथ चुनाव करने और बैठक के बाद अध्यक्ष चयन का दावा किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को कोर कमेटी की बैठक रखी गई थी जिसमें अध्यक्ष के लिए सौमित्र सोनी, परविंदर सिंग मोंटी, जसमीत बन्नोआना के नाम सामने आए है किन्तु किसी एक नाम पर सहमति नही बन पाई है।

कुछ कार्यकर्ताओ के नाम बैठक में लाकर उन्हे शामिल करने पर भी विचार किया गया जिसमें युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष प्रिंस कक्कड, विवेक मोनु भंडारी, बिरेन्द साहु, सुमित बोस, शैलू साहु, अखिलेष गडेवाल शामिल हैं।

## नवनियुक्त समिति अध्यक्षों ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



- सिंह ने कहा : भाजपा हमेशा किसानों के हित में काम करती है

सेवा सहकारी समिति गंडई एवं हनईबन में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांतसिंह थे। इस मौके पर श्री सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से किसानों के हित में काम करती है। किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुवात भी भाजपा ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू किया तो किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज में लोन देने की शुरुवात पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह ने किया। इसी कड़ी में साय सरकार भी किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। श्री सिंह ने समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ नही होना चाहिए।

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकर ने किसान हित में किए जा रहे कार्यों को जानकारी देते दिया। जीवनदास रात्रे ने कहा कि विष्णु देव साय सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि सरकार की मंशा है कि जिनके विश्वास से सरकार बनी है उन्हें असुविधा न हो। उन्होंने धरमु पटेल की प्रशंसा किया। संचालन राकेश ठाकुर ने किया। अंत में सेवा सहकारी समिति गंडई के प्रबंधक जगदीश वर्मा को समिति अध्यक्ष धरमु पटेल का नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति लिमो के अध्यक्ष सुखदेव पटेल, बरबसपुर के अमित शर्मा, हनई के लिकेश साहू एवं धोधा के दूजे राम वर्मा पदभार ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में राकेश ताम्रकार, राजेश मेहता, राकेश जायसवाल, विक्की अग्रवाल, टुम्मन साहू, पुष्पेंद्र देवांगन, टेकन देवांगन, जगेशर देवांगन, रवि भावनानी, उमा चौबे, अंजली देवांगन, आशा कुर्रे, लिकेश साहू, दिनेश भट्ट, छत्रपाल सिंह खुसरो, रामकुमार साहू, यतीश कुंजाम, मुकेश धनकर, धर्मेंद्र पटेल, विक्की कुर्रे, बबलू श्रीवास, अशोक देवांगन, लऊदास भारती, भूपेंद्र पटेल, टीकम वैष्णव, योगेश साहू, योगेंद्र कौशिक सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीमा में पकड़ाया 296 क्विंटल अवैध धान

**मोहला।** कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के निर्देशन में खाद्य विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के अंतर्राज्यीय सीमा कोरचाटोला में अवैध धान के परिवहन की लगातार निगरानी की जा रही है। इसी दौरान धान से भरे ट्रक को रोककर पूछताछ की गई। जिसमें ट्रक में हैदराबाद से रायपुर ले जा रहे 296 क्विंटल धान को जब्त किया गया। धान के संबंध में किसी भी किस्म का अनुमति संबंधी दस्तावेज नहीं पाया गया। जब्त किए गए धान को थाना चिल्हाटी की सुपुर्दगी में दिया गया है। शासन के नियमानुसार 14 नवंबर 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक अन्य राज्य से धान लाने पर प्रतिबंध है। उक्त कार्रवाई के दौरान खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, खाद्य निरीक्षक विश्वनाथ एवं हेमंत नायक, संदीप कसेर, राहुल चंद्राकर एवं थाना चिल्हाटी के टीआई शंकर डहरिया उपस्थित थे। जिले में इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## नायब तहसीलदार बने प्रशांत, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह पहुंचे घर

**खैरागढ़।** ब्लॉक के ग्रापं गातापार कला निवासी प्रशांत वर्मा के निवास पहुंचकर राजनांदगांव जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बधाई दी। पीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाकर नायब तहसीलदार पद पर चयनित प्रशांत वर्मा को बधाई देने घर पहुंचे विक्रांत सिंह ने कहा कि अभी और आगे बढ़ना है। यहीं रुकना नहीं है। सफलता की पहली सीढ़ी और सफलता हासिल करने अनेक लोगों शिक्षक, माता पिता, परिवार, दोस्त और सरकार का योगदान हैं।



उन्होंने कहा कि सरकार हमारी पढ़ाई पर कितना खर्चा करती है, यह ध्यान रखना चाहिए। सफलता के पीछे योगदान और त्याग देने वालों के लिए जवाबदारी बनती है इसमे से किसी को भूलना नहीं है। चयनित प्रशांत वर्मा से कहा कि उनसे अंचलवासियों को काफी अपेक्षा है। सफलता हासिल करने में योगदान देने वालों को हर क्षण याद रखने के साथ जब भी क्षेत्र के लिए कुछ करने का अवसर मिले तो आगे आकर जरूर करें। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जीवन देवांगन, खुमान देशलहरे, अर्जुन क्षत्रिय सहित अन्य उपस्थित थे।

## बैहाटोला में जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा कल से

**खैरागढ़।** ब्लॉक के ग्रापं बैहाटोला में बुधवार 12 दिसंबर से दो दिवसीय जिला स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित होगी। स्पर्धा का शुभारंभ लखनलाल देवांगन प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य, संतोष पाण्डेय सांसद की अध्यक्षता और हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिपं, घम्मन साहू सभापति जिपं, नरोत्तम सिन्हा अध्यक्ष मंडल भाजपा पांडादाह, गोरेलाल वर्मा महामंत्री मंडल भाजपा पांडादाह और राधेलाल उके सरपंच के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। नवयुवक मंडल और ग्रामीणों द्वारा आयोजित स्पर्धा का समापन व पुरस्कार वितरण गुरुवार 13 को जनपद सदस्य फुलकुंवर वर्मा के मुख्य आतिथ्य, सरपंच राधेलाल उके की अध्यक्षता और समिति अध्यक्ष उमेन्द उके, देवरी जोन अध्यक्ष तेजराम वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष होरीलाल वर्मा, प्राशा समिति अध्यक्ष शैलेष पाण्डेय, पूमाशा समिति अध्यक्ष रामकुमार वर्मा और रघु नेताम बूथ अध्यक्ष कें विशिष्ट आतिथ्य में होगा।

## संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता में जमकर खेले स्कूली बच्चे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

ग्राम खोराटोला में संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामवासियों एवं शाला परिवार के सहयोग से किया गया। स्पर्धा का उद्घाटन विधायक भोलाराम साहू ने किया। अध्यक्षता भुनेश्वरी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा, चेतन साहू, त्रिलोचन साहू, नीलम कुंजाम, छबिलाल कोर्राम, नारायण साहू, उत्तम सोनी, प्रताप घावडे, शैलेन्द्र शर्मा, संतोष चन्द्रवंशी, नोहरदास डहरे थे। प्राथमिक विभाग बालक 80 मीटर दौड़ में योगेश कुमार प्रथम, दुर्गेश द्वितीय, लम्बीकूद में गौरव प्रथम, योगेश कुमार द्वितीय, सुरीली कुर्सी में देवेश कुमार प्रथम, हंसराज द्वितीय, आलू दौड़ में फूलचंद प्रथम, साहिल द्वितीय, बोरा दौड में त्रिलोचन प्रथम, दुर्गेश कुमार द्वितीय, रिलेरेस में कुंदन आदि प्रथम, वासुदेव आदि द्वितीय, कबड्डी बालक में दैहान प्रथम ,गर्रापार द्वितीय, खो खो में गर्रापार प्रथम, खोराटोला द्वितीय, सांस्कृतिक कार्यक्रम में रचना आदि प्रथम रही।

### गर्रापार स्कूल को चैम्पियन का खिताब

प्राथमिक बालिका 80 मीटर दौड़ में मानवी प्रथम, युक्ति द्वितीय, लंबी कूद में आमेश्वरी प्रथम, तानिया द्वितीय, कुर्सी दौड़ में माही प्रथम, पायल द्वितीय, रस्सी छलांग में पल्लवी प्रथम, ज्योति द्वितीय, गोली चम्मच में लालिमा प्रथम, ट्विंकल द्वितीय, रिले रेस में मानवी आदि प्रथम, पायल आदि द्वितीय, कबड्डी गर्रापार प्रथम, दैहान द्वितीय, खो-खो कोलियारी प्रथम, दैहान द्वितीय रहे। इसी प्रकार माध्यमिक बालक 100 मीटर दौड़ में सुमित प्रथम, खोमन द्वितीय, 200 मीटर दौड़ खोमन प्रथम, मिथिलेश द्वितीय, 400 मीटर दौड़ दिव्यांशु प्रथम, ओमेंद्र द्वितीय, 600 मीटर दौड़ में दिव्यांशु प्रथम, प्रीत कुमार द्वितीय, लंबीकूद खिलेन्द्र प्रथम, दुलेश्वर द्वितीय, गोला फेंक सुमित प्रथम, ओमेंद्र द्वितीय, कबड्डी में गर्रापार प्रथम दैहान द्वितीय, खो-खो जोशीलमती प्रथम, गर्रापार द्वितीय, रस्साकसी दैहान प्रथम, गर्रापार द्वितीय, रिलेरेस में सुमीत आदि प्रथम, प्रीत कुमार आदि द्वितीय रहे। प्राथमिक वर्ग में ओवरऑल चैंपियन प्राथमिक शाला गर्रापार, प्राथमिक शाला दैहान द्वितीय, माध्यमिक वर्ग में दैहान प्रथम, गर्रापार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## ऑनलाइन कार्य का विरोध, पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर तहसील के पटवारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष भीषम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में काली ड्रेस पहनकर ऑनलाइन कार्यों का विरोध दर्ज कराया। उन्होंने तहसीलदार सतपाल यादव को मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। श्री ठाकुर ने बताया कि शासन से आवश्यक संसाधन की मांग की जा रही है जिसके पूरा नहीं होने तक काले कपड़े पहनकर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर तक मांगे पूरी नहीं हुई तो सभी पटवारी ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग के साथ सभी व्हाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने बताया कि पटवारी संघ की पुरानी मांगे यथावत बनी हुई है जिसमें वेतन, भत्ते, नियमित पदोन्नति आदि शामिल है। ज्ञापन सौंपने के दौरान तेजिंदर कौर भाटिया, अनिल वर्मा, भोलेश्वर साहू मौजूद थे।

### क्या है समस्या

वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है। इन कामों के अलावा कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन किया जाता है लेकिन पटवारियों को संसाधन अथवा संसाधन भत्ता नहीं मिल रहा है। मजबूरी में पटवारी निजी अथवा किराए पर लिए गए संसाधन से कार्यों को संपादित कर रहे हैं। संघ ने कहा है कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर पटवारी 16 दिसंबर से सभी ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करेंगे।

## सार समाचार

### लालबाग में आज श्रीमद भगवद् गीता प्रवचन

**राजनांदगांव।** शहर के लालबाग क्षेत्र में स्थित पवित्र झंडा साहेब मंदिर में कल 11 दिसंबर गीता जयंती अवसर व मोक्षदा एकादशी के दिन श्रीमदभगवद गीता पर प्रवचन/ उद्बोधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संत कंवरराम सेवा समिति-झंडा साहेब लालबाग गली नं. 3 में धूमधाम से आयोजित गीता जयंती पर उद्बोधनकर्ता साध्वी श्रीमती मीता ठक्कर होंगी। गायत्री परिवार की श्रीमती ठक्कर ने बताया कि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्ध के दौरान अपने श्रीमुख से उद्गारित गीता वाणी में कहा है कि छंदों में गायत्री छंद हूं। इस तरह देखा जाए तो भगवान श्रीकृष्ण गायत्री मंत्र में स्वयं विराजमान हैं। इस तरह के गूढ़ बातें व गीता वाणी के रहस्यों को सारगर्भित ढंग से उद्बोधित करने वाली साध्वी श्रीमती ठक्कर को सुनने सिंधी समाज के लोगों सहित सत्य सनातन धर्म के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम 11 दिसंबर की रात 8 बजे से आयोजित है। इसके पूर्व लालबाग में शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते समाज के पृथ्वीराज पर्यानी ने बताया कि शाम 4 बजे झंडा साहेब लालबाग से गीता जयंती पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा व श्रीमद गीता उद्बोधन के अवसर पर समाज के गुरुमुख सिंह वाधवा, मंशाराम मोटलानी, सागर लालवानी ,कमलेश वाधवा, विजय पर्यानी, महेश जोटूमल मोटलानी सहित सिंधी समाज से बड़ी संख्या में नर-नारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महाप्रसादी भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। समिति द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा व गीता उद्बोधन कार्यक्रम में लोगों अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

### धान खरीदी में पारदर्शिता बरत रही सरकारः कोमल

**राजनांदगांव।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने सोसायटी एवं धान खरीदी के संबंध में कांग्रेस के प्रदर्शन और दिए गए ज्ञापन को कांग्रेस का विधवा विलाप निरूपित करते कहा कि जो कांग्रेसी 5 वर्षों तक कभी भी सोसायटी नहीं गए और किसानों की वास्तविक स्थिति को समझ नहीं सके, वह आज भाजपा सरकार को ज्ञान दे रहे हैं। जबकि भाजपा किसानों के हितों को ध्यान रखकर ही योजना बनाती है।



श्री राजपूत ने कहा कि जो कांग्रेसी अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर जबर्दस्ती किसानों को थोपा करते थे, खाद-बीज और बारदाने के लिए किसानों को भटकाते थे और जो किसान खाद न ले, उसके नाम से खाते से पैसे कट जाया करते थे, इतनी तानाशाही प्रवृत्ति भूपेश बघेल सरकार में 5 वर्षों तक रही, तब इस शहर के कांग्रेसियों के कानों में जूं नहीं रेंगी। वर्मी कंपोस्ट खाद का संपूर्ण पैसा राजीव युवा मितान क्लब के खाते में स्थानांतरित किया गया। जिसका आज तक कोई हिसाब-किताब नहीं दिया गया। कथित किसान हितैषी कांग्रेसियों ने मिल बांटकर खा लिया। अब ऐसे लोग भाजपा की सरकार में सुशासन के दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक कांटे की भी फजीहत कर रहे हैं। विष्णुदेव साय सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक कांटे के माध्यम से पारदर्शिता का पालन करते धान खरीदी की व्यवस्था दी है, ताकि किसानों के दाना-दाना धान का पैसा सरकार उन्हें दे सके, परंतु ईवीएम की तरह कांग्रेसी इस पर भी शक कर रहे हैं।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आयोजन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा गणमान्य नागरिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि देश के बहादुर सैनिकों को सम्मान देने प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन विशेष तरह के बने झंडे भेंटकर देश के शहीदों के परिवार के कल्याणार्थ धनराशि एकत्र किया जाता है। थल सेना, वायु सेना तथा जल सेना के कितने ही जांबाज शूरवीरों ने देश की रक्षा करते अपने प्राणों की आहुति दी है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर एकत्रित की गई धनराशि समामेलित विशेष निधि में जमा की जाती है। इस कोष से जरूरतमंद पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती है। जिसमें चिकित्सा सहायता, छात्रवृत्ति, तत्काल सहायता, पुत्री विवाह अनुदान, दाह संस्कार कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण हेतु अनुदान आदि शामिल है। इस झंडा दिवस पर दान की गई राशि आयकर से 100 प्रतिशत मुक्त होती है। सभी शहीदों की विधवाओं तथा युद्ध के दौरान दिव्यांग हुए सैनिकों के प्रति अपना राष्ट्रीय कर्र्तव्य निभाते धनराशि का योगदान देने की अपील की।

### कराते प्रतियोगिता में गायत्री को 9 पदक

**राजनांदगांव।** छठवीं राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप गत दिनों धमतरी में आयोजित हुई। गायत्री स्कूल के खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में शामिल होकर शानदार प्रदर्शन करते 2 स्वर्ण, 2 रजत तथा 5 कांस्य पदक लेकर स्कूल के साथ-साथ संस्कारधानी को भी गौरवान्वित किया। शाला के मार्शल आर्ट् प्रशिक्षक जयप्रकाश साहू ने बताया कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में कुल 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खिलाडियों ने भी कुल 9 पदकों पर कब्जा जमाया। विजेता खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक विजेता मेहल राजगढ़, योजस्व साहू, रजत पदक विजेता में वेद पटेल, योजस्व साहू, कांस्य पदक विजेता प्रियंका चौगुले, सिद्धांत मुंदड़ा, भावेश खरे रहे। विजेता खिलाड़ियों को प्रार्थना सभागृह में प्राचार्य शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल द्वारा मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।



1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रुपए के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण

# गांवों का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बड़गांव-चारभांठा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कुल 1 करोड़ 24 लाख 14 हजार रुपए के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 63 लाख 89 हजार रुपए के लोकार्पण एवं 60 लाख 25 हजार रुपए के शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अहाता निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, बाजार में व्यावसायिक परिसर निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, मिनी स्टेडियम के निर्माण, पंचग्राम तपोभूमि में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम बड़गांव चारभांठा में 3 लाख 15 हजार रुपए की लागत से ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट तथा 30 हजार रुपए की लागत के बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सैंट फिल्टर का शिलान्यास किया।



#### भू-जल स्तर बढ़ाने की जरुरत

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्थानों में भू-जल स्तर में गिरावट आई है, वहां बोरवेल रिचार्ज साफ्ट के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाने कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम की जरूरतों को समझते हुए सुविधाओं के लिए ग्रामवासियों को कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि शराब एवं कोयला घोटाला तथा पीएससी में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए कार्य किया जा रहा है।

#### सियान सदन की प्रशंसा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गंदा पानी सरोवर में नहीं जाए तथा निस्तारी के लिए ग्रामवासियों को स्वच्छ जल मिले, इस सोच के साथ यहां ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत कार्य किया जाएगा। जिससे तालाब निस्तारी योग्य बनेंगे तथा भू-जल और पीने के पानी के जलाशयों के प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने सरोवर के किनारे निर्मित सियान सदन की प्रशंसा की।

#### स्वच्छता दीदियों का सम्मान

इस अवसर पर लखपति दीदी को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र तथा आवास की चाबी तथा स्वच्छता दीदी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और उत्कृष्ट स्वच्छ शौचालयों के लिए हितग्राहियों को सम्मानित किया गया।

#### अमृत सरोवर में सियान सदन का किया लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बड़गांव चारभाठा के अमृत सरोवर में सियान सदन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गांव के तालाब में जाने वाले पानी को स्वच्छ कर निस्तारी उपयोग योग्य बनाने ग्रे-वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर के किनारे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट सैंड फिल्टर का अवलोकन किया और वाटर रिचार्ज के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

#### गांवों का विकास प्राथमिकता

पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत दिनेश गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के 13 दिसंबर को पूरर्ण वर्ष पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि ग्राम बड़गांव चारभाठा में विकास के सभी कार्य हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री डोंगरगांव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए भी कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मनरेगा के तहत प्रदेशभर में भू-जल संरक्षण के लिए इस तरह की संरचना का निर्माण किया जाएगा।

## सड़क हादसे में दो युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टाटेकसा

नेशनल हाईवे में बीती रात लगभग 9 बजे बागनदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खड़खड़ी फाटक के पास बाइक सवार दो युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार केवल बंजारे 22 वर्ष रानीतालाव व राजू पटेल 24 वर्ष सड़क बंजारी दोनों युवक अपने निजी काम के लिए बागनदी गए थे, जहां से बाइक में सवार होकर वे रात्रि 9 बजे अपने घर बंजारी लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार उक्त बाइक सवार हाईवे में चाबुक नाला एवं खडखडी के मध्य पहुंचे ही थे, तभी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे दोनों युवक के सिर पर गहरी चोंट लगी। दोनों युवक ने जगह में दम तोड़ दिया। हादसे की खबर सुनकर दोनों गांव में मातम छा गया। डायल-112 ने दोनों शवों को लेकर पोस्टमार्टम करने छुरिया भेज दिया।

#### केसाल में नया धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग

■ कलेक्टर और बैंक अध्यक्ष से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** ग्राम जोशीलमती सोसायटी के अंतर्गत तीन पंचायतों को मिलाकर एक धान खरीदी केन्द्र शासन के निर्देशानुसार खोला जाना है। अभी वर्तमान में जोशीलमती में धान खरीदी के बाद परिवहन नहीं होने से धान खरीदी बंद होने की संभावना है। इस समस्या को देखते ग्राम पंचायत गर्रापार, केसाल एवं दैहान के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल से मुलाकात किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द केसाल में नया धान खरीदी केन्द्र खोला जाएगा। जिससे किसानों को धान विक्रय करने में सुविधा मिलेगी। इस दौरान तिलोचन साहू पूर्व अध्यक्ष जोशीलमती सोसायटी, सुखदेव सिंह चंद्रवंशी, उमाशंकर चंद्रवंशी, किर्तन धावड़े, रामदेव कंवर, दिलीप कुमार साहू, कमलाकांत पटेल, बालमुकुंद कुंजाम सरपंच गर्रापार, डॉ. जामवंत साहू सहित ग्रामीणजन शामिल थे।

## जमीन पर कब्जा करने का किया प्रयास, शिकायत पर मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** जमीन पर कब्जा करने का प्रयास, नुकसान पहुंचाना एवं मारपीट कर धमकी देने के मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपिया व अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी आवेदक सत्यव्रत ठाकुर एस स्कवायर आइरोमेक्स प्राईवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने सोमनी थाना में 9 दिसंबर को शिकायत आवेदन किया कि उनकी जमीन ग्राम टेडेसरा में खसरा नंबर 223/8 जिसका क्षेत्रफल 0.406 रकबा है। उक्त जमीन पर बााउंड्रीवाल का कार्य किया जा रहा था। उसी समय एक व्यक्ति उसी जमीन पर आया और कहने लगा कि अपना जमीन का पेपर दिखाओ और उसके पश्चात चला गया। उसके कुछ समय बाद वह पुलिस स्टाफ के साथ पुनः जमीन पर आया और काम बंद करने के लिए कहा और थाना आकर बात करने के लिए कहा। थानेदार की उपस्थिति में यह तय हुआ कि उक्त जमीन पर दोनों पक्षों द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा एवं उस जमीन का पुनः सीमांकन किया जाएगा, जिस पर निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था। उसी समय जमीन के पुराने मालिक को भी बुलाया था। इस दौरान प्रार्थी के पास सुरक्षा गार्ड का फोन आया कि उनकी जमीन पर श्रीमती लता शाह बुला रही है, जब प्रार्थी उनके पास पहुंचा और बताया कि उन्होंने जमीन सुनील कोठारी से खरीदी है। जिसके बाद वे नाराज हो गई और गाली-गलौज एवं धक्का-मुक्की करते हुए उनके हाथ में रखे जमीन के ओरिजन पेपर एवं ऋण पुस्तिका छीन ली। बार-बार मांगने पर एवं स्टाफ द्वारा निवेदन करने पर जमीन के पेपर वापस दिए। उसके बाद श्रीमती लता शाह अपने साथियों के साथ एक राय होकर लाठी-डंडे एवं प्राणघातक हथियारों से लैस होकर जबर्दस्ती उनकी भूमि पर घुस आई और मारपीट की। जमीन में मिट्टी डालकर नुकसान किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपिया व अन्य के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

## विस अध्यक्ष की पहल पर साढ़े आठ करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

■ विस अध्यक्ष रमन की पहल से नांदगांव विस को मिली करोड़ों की सौगात

**राजनांदगांव।** विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव के विकास के लिए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से कुल 8 करोड़ 60 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 113 विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



इन कार्यों में राजनांदगांव के शहरी क्षेत्रों एवं वार्डों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, शेड निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण और जिम सामग्री के लिए 5 करोड़ 63 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृति दी गई है।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, छत निर्माण, सांस्कृतिक मंच और नाली निर्माण जैसे कार्यों के लिए 2 करोड़ 63 लाख 30 हजार रुपए तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, मंच और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### विकास में आएगी तेजी : रमन

शासन के इस निर्णय पर राजनांदगांव विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते कहा कि इन विकास कार्यों से न केवल राजनांदगांव के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि यहां के निवासियों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

#### मंजूरी पर जताया आभार

राजनांदगांव के भाजपा नेता भावेश बैद सहित समस्त भाजपा नेताओं और नागरिकों ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया और उनकी विकास के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष और मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## प्रेस क्लब कालोनी के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति

### राशि से सड़क, नाली, बाउंड्रीवाल व निर्माण कार्य तेजी से जारी

■ मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रेस क्लब राजनांदगांव की आवासीय कॉलोनी के लिए 2 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त राशि से सड़क, नाली, बाऊंड्रीवाल एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य तेज गति से जारी है।

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड राजनांदगांव अंतर्गत 142 प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों को 1980 वर्ग फीट भूमि बसंतपुर पनेका में प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 2 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त होने के बाद आवासीय कालोनी एक विकसित सर्वसुविधायुक्त कालोनी के रूप में आकार ले रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा विधायक निधि से प्राप्त 8 लाख रुपए की राशि से आवासीय कॉलोनी में गार्डन का कार्य पूर्ण हो गया है।



वन विभाग द्वारा पौधरोपण किया गया है। 4 करोड़ के प्रोजेक्ट में 54 विद्युत पोल व 9 ट्रांसफार्मर लगे हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने बताया कि स्वीकृत 2 करोड़ रुपए की राशि से 10 एकड़ में बाऊंड्रीवाल बन रही है। गौरतलब है कि आवासीय कॉलोनी सर्वसुविधायुक्त बन रही है, जहां स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, व्यावसायिक परिसर, मंदिर, पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाइन की व्यवस्था की गई है। प्रेस क्लब एवं प्रेस क्लब हाऊसिंग बोर्ड के सदस्यों ने खुशी जाहिर की है एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## मिथिलाधाम में भंडारा कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** मिथिलाधाम श्री गणेश हनुमान मंदिर मौनी बाबा आश्रम के प्रमुख पूज्य गुरुदेव मौनी बाबा द्वारा श्रीराम-जानकी विवाह के उपलक्ष्य में चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश में साधु-सन्यासियों का भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया है। भंडारा के पश्चात सभी साधुओं को एक कंबल और दक्षिण देकर विदाई किया गया है।

ज्ञात हो कि त्रेता युग में राजा जनक ने जानकी विवाह के पश्चात अपने राज्य के सभी साधुओं को अन्न, धन और गौदान किया था। इस परंपरा के अंतर्गत मौनी बाबा ने चित्रकूट धाम में डेढ़ हजार साधुओं को भोजन कराकर दान-दक्षिणा दिया है। इस अवसर पर राजनांदगांव मिथिलाधाम मंदिर के पं. आदित्य और योगेश माणेक वहां उपस्थित रहकर भंडारा का विधिवत रूप से संपन्न कराया है।

**0 मोहला।** जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम सिंह उसेंडी थे। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज की संस्कृति समृद्ध है और बदलते परिवेश में इसे संरक्षण की आवश्यकता है।

### निधन

#### शरद राव मानके

**राजनांदगांव।** स्थानीय दिग्विजय कॉलेज के पास शीतला मंदिर रोड निवासी शरद राव मानके (83 वर्ष) का निधन 10 दिसंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कल 11 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी तारा मानके, शिरीष मानके और भरापूरा परिवार छोड़ गए।



## नापतौल में गड़बड़ी और भुगतान को लेकर धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी के मामले में किसानों के साथ छल किए जाने का आरोप लगाते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर राजनांदगांव में कांग्रेस द्वारा ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मोहारा स्थित धान खरीदी केंद्र के समीप आयोजित धरना प्रदर्शन में कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को जमकर घेरा और किसानों के साथ वादा-खिलाफी करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन के दौरान धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था, भुगतान, तौल में गड़बड़ी और बारदाने की कमी को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा गया। धरना प्रदर्शन को कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते प्रदेश सरकार से 3217 रुपए समर्थन मूल्य किसानों को देने की मांग की।

#### केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार फिर भी संकट

धरना प्रदर्शन आयोजन को संबोधित करते पूर्व मंत्री धनेश पाटिल ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी बारदाने की कमी नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि बारदाने के लिए किसानों को परेशान किया जा रहा है। धान विक्रय करने किसानों को टोकन नहीं मिल रहा है। वहीं महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि यह सरकार किसानों की सरकार नहीं है। प्रदेश सरकार किसान, महिलाओं और युवाओं का हित नहीं कर पा रही है।




#### किसानों को दी जा रही 2300 की राशि

अपने धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस द्वारा कहा गया कि 3100 रुपए समर्थन मूल्य किसानों के खाते में नहीं दिया जा रहा है। प्रति क्विंटल उन्हें 2300 रुपए की राशि का ही भुगतान हो रहा है। धान खरीदी केंद्र के समीप पंडाल लगाकर कांग्रेस द्वारा आयोजित किए गए ब्लॉक स्तरीय इस धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू, अमित चंद्रवंशी, माया शर्मा, रोशनी सिन्हा, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, प्रज्ञा गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### समर्थन मूल्य 3217 रुपए देने की रखी मांग

धरना प्रदर्शन के आयोजन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि धान खरीदी में काफी गड़बड़ी की जा रही है। भुगतान से लेकर तौल में गड़बड़ी है। उन्होंने कहा कि एक बोरी में 40 किलो 600 ग्राम लगभग धान लेना है, लेकिन 1 किलो अधिक धान लिया जा रहा है, जो किसानों की मेहनत का है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य पर 117 रुपए बढ़ाया है। वहीं प्रदेश की भाजपा सरकार ने 3100 रुपए में धान खरीदी करने की बात कही थी। ऐसे में अब प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से 3217 रुपए में धान खरीदी की जानी चाहिए। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने भी धरना प्रदर्शन को संबोधित करते प्रदेश सरकार पर किसानों के साथ छल करने का आरोप लगाया और आने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में जनता द्वारा सरकार को जवाब दिए जाने की बात कही है।



## पाण्डातराई के विभिन्न वार्डों में विधायक लोगों से हुई रूबरू

# जनता से लगातार संपर्क और संवाद से ही क्षेत्र का विकास संभव : भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

क्षेत्र में विकास कार्यों की सौंगात पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा लगातार इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वहीं मंगलवार को पाण्डातराई में श्रीमती भावना बोहरा ने जनसंपर्क किया और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान उन्होंने पाण्डातराई महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया एवं विद्यार्थियों की सुविधा व शिक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने पाण्डातराई के वार्ड क्रमांक 6 एवं 9 में संघन जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

इस दौरान विधायक ने कहा कि जनता से लगातार संपर्क और संवाद से ही क्षेत्र का विकास संभव है। हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि जितना ज्यादा हो सके जनता से सीधे संवाद करें, उनके सुझाव प्राप्त करे और उसका निराकरण कर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें। यह सब जनता और जनप्रतिनिधि के आपसी सामंजस्य से ही पूरा होगा। इसलिए हमने यह पहल शुरू की है और जनता का भी इसमें भरपूर सहयोग मिल रहा है। हमने महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी आज महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यार्थियों से शिक्षा, शिक्षकों एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की और वहां जो समस्याएं सामने आई है उसे तत्काल दूर करने के लिए शासन व महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए। विगत एक वर्ष में इसी जनसंवाद एवं क्षेत्रवासियों के मार्गदर्शन से हम लगातार पूरे पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की सौंगात जनता को समर्पित कर रहें हैं। जिसमें सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्य भी लगातार हो रहें हैं। यह सभी विकास कार्य आने वाले समय मे जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास को नई गति एवं दिशा देंगे।



### क्षेत्र की प्रगति व पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने हमारे लक्ष्यः भावना बोहरा

विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को निर्धारित करके निरंतर कार्य कर रही है। यह लक्ष्य तभी संभव हो सकता है, जब हम जनता की सुविधाओं का विस्तार करें, अधोसंरचनाओं का विकास करें एवं जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन करें, जिसके लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। एक जनप्रतिनिधि का कार्य यही है कि वह अपने क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहे, उनकी समस्याओं को सुनें व क्षेत्र की प्रगति के लिए उनके सुझावों पर अमल करें इसलिए हम लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता के समक्ष पहुंचकर हर संभव प्रयास कर रहें हैं। जिससे जनता को सुविधा मिले, क्षेत्र की प्रगति हो और पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने के हमारे लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकें।



# प्राचार्य पद पर पदोन्नति को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्कूल शिक्षा विभाग में विगत दस वर्षों से लंबित प्राचार्य एवं व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति की मांग को लेकर प्राचार्य-व्याख्याता पदोन्नति फोरम का प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के स्वीकृत 4783 पद में 3576 पद रिक्त है तथा व्याख्याता के स्वीकृत 40806 पद में 8203 पद रिक्त है, विभाग में विगत दस वर्षों से प्राचार्य एवं आठ वर्षों से व्याख्याता पद की पदोन्नति नहीं होने के कारण प्रदेश की 80 प्रतिशत विद्यालय प्राचार्य विहीन हैं, जिसके कारण शिक्षा गुणवत्ता एवं स्कूल प्रशासन प्रभावित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि 2024 के बजट सत्र में 16 फरवरी को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छः माह में पदोन्नति करने की घोषणा किए थे, जिसकी समय-सीमा 16 अगस्त को समाप्त होने के बाबजूद स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव एवं संचालक यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि प्राचार्य के पदोन्नति आदेश कब तक जारी हो पाएंगे। जबकि बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मंत्री पद छोड़ने के बाद विगत पांच माह से स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के मुख्यमंत्री के अधीन है। विधानसभा अध्यक्ष से प्रतिनिधि मंडल ने अपील कि विधानसभा में दिए गए अश्वाशन का पालन नहीं होने के कारण पहल कर तत्काल कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया तथा आगामी शीतकालीन विधानसभा सत्र में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर कई विधायकों द्वारा लगाए गए विधान प्रश्न पर चर्चा करने की मांग भी की गई।

प्राचार्य-व्याख्याता पदोन्नति फोरम द्वारा आगामी 17 दिसम्बर को प्रदेश भर से शिक्षक एकत्रित होकर नया रायपुर में स्थित लोकशिक्षण संचालनालय एवं मंत्रालय के समक्ष प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम दे चुके हैं। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला, प्रांतीय महामंत्री सुनील यादव, छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ प्रांताध्यक्ष राकेश शर्मा, महामंत्री राजीव वर्मा, जिलाध्यक्ष अरुण साहू, वरिष्ठ व्याख्याता संघ के प्रांतीय संयोजक श्याम कुमार वर्मा, नरेंद्र धीवर, प्रधान पाठक मंच के प्रांतीय उप संयोजक मलखम वर्मा, ज्ञानेश्वर वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य व्याख्याता पदोन्नति समिति प्रांतीय संयोजक मुकुंद उपाध्याय एवं विद्यालयीन शिक्षक कर्मचारी संघ प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी व अनिल शुक्ला सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### कुण्डा भाजपा मण्डल की परिचर्चा बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा द्वारा पूर्व घोषित मण्डल अध्यक्ष चुनाव कार्यक्रम के तहत सोमवार को भाजपा मण्डल कुण्डा का परिचर्चा बैठक चुनाव प्रभारी दिनेश चंद्रवंशी एवं सह-चुनाव प्रभारी एवं मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर इस बैठक में मण्डल अध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओं से सलाह-मशवरा बैठक हुई। इस बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रभारी दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि मण्डल का चुनाव भाजपा संगठन द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार होगा। बैठक में 17 दावेदारो ने अपना आवेदन चुनाव अधिकारी दिनेश चंद्रवंशी को दिए, इस बैठक में मण्डल अध्यक्ष को लेकर फिलहाल सलाह मशवरा हुई लेकिन भविष्य में नामांकन की भी प्रक्रिया की जाएगी मतदान की स्थिति आने पर सलाह मशवरा से मण्डल अध्यक्ष का चयन संगठन द्वारा किया जाएगा।

# सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध में कुण्डा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



■ विभिन्न मांगों को लेकर कुण्डा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्राम कुण्डा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के किसान भाइयों को धान बेचने में हो रही परेशानियों तथा सरकार के किसान विरोधी रवैय्या के विरोध तथा किसान के हित में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो.अकबर, संगठन प्रभारी पदम कोठारी, जिलाध्यक्ष होरीराम साहू के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में मंगलवार को दोपहर बाजार चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।


जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य मांग जिसमें बारदाने की कमी को शीघ्र पूर्ति, टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था में सुधार, इलेक्ट्रॉनिक तराजू मे तौलने से 1.5-2 किलो के नुकसानी से बचाव, सोसायटी से धान का शीघ्र उठाव तथा वादे के अनुसार धान की एक मुश्त राशि प्रदान की जाएं, समर्थन मूल्य के बढ़ाने के साथ धान की प्रति क्विंटल 3217 रुपए की राशि प्रदान की जाए तथा किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में उत्तरा दिवाकर, शिवसिंह चौहान, उत्तर चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, हरेंद्र चंद्राकर, भागवत चंद्राकर, सनत चंद्राकर, हेमंत सिंगरौल, रामफल चंद्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी, ललित चंद्रवंशी, रामखिलावन साहू, गौतम साहू, बलदाऊ साहू, सुनील जोशी, रोमी पाल, अंशु साहू, सुरेश चंद्राकर, सेल दिवाकर सहित कुण्डा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## संस्कार पब्लिक स्कूल मे 30 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** शहर के संस्कार पब्लिक स्कूल मे 30 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे सीनियर व जूनियर वर्ग के लगभग 110 छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्धेश्य बालिकाओं मे आत्मसम्मान और आत्मरक्षा का भाव जागृत करना था, वर्तमान समय मे हर वर्ग के बालिकाओं मे आत्मरक्षा गुण विकसित रहना अनिवार्य है ताकि वे विपरीत परिस्थितियों मे अपना रक्षा खुद करने मे सक्षम हो। इस उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया, इस शिविर मे अमाटेर तई कवोंडो (एटीएसी) ग्रुप के मास्टर ट्रेनस नितेश चंदेल द्वारा छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा का ट्रेनिंग दिया गया यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को किया गया, वहीं इस समापन समारोह मे मुख्य रूप से तई कवोंडो मार्शल आर्ट समिति अध्यक्ष निगेश्वर नाथ योगी, भूपेंद्र डहरिया उपाध्यक्ष तई कवोंडो समिति साथ ही साथ स्काउट गाइड मास्टर ट्रैनर सुश्री पुष्पाजंलि तिवारी व सौरभ शर्मा उपस्थित थें। मास्टर ट्रैनर्स नितेश चंदेल द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षित करने मे अपना समय दिया साथ ही सम्मान संस्था प्रमुख नरेंद्र पटेल व अतिथियों के माध्यम से किया गया तत्पश्चात आत्मरक्षा शिविर मे भाग लेने वाले सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। साथ ही साथ जिला स्तरीय खेल व लोक नृत्य प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन देने वाले विद्यार्थियों को मंच के माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं तई कवोंडो मार्शल आर्ट समिति अध्यक्ष निगेश्वर नाथ योगी ने कहा की यह प्रशिक्षण देश के प्रत्येक बालिकाओं मे विकसित होना चाहिए, जिससे वे खुद से अपना रक्षा करने मे सक्षम हों, यह गुण हमारे पौराणिक समय से ही चले आ रहा है। महारानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, महारानी चिन्नामा व रानी रुद्रामा जिन्होंने इस आत्मरक्षा में प्रारम्भ से ही प्रशिक्षित रहे और देश की रक्षा मे अहम भूमिका निभाई। इसी दौरान भारत स्काउट गाइड का एक दिवसीय प्रशिक्षण छात्राओं को मास्टर ट्रेनर पुष्पाजंलि तिवारी ने कहा की स्काउट और गाइड विद्यार्थी मे स्वयं सेवी गुण को विकसित करता है, जिससे विद्यार्थियों में आत्मसम्मान का गुण सीखते है।

## श्री सीताराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त



**हरिभूमि पिपरिया।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज नगर पंचायत पिपरिया मूं नवनिर्मित श्री सीताराम मंदिर के त्रिदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। वहीं नगरवासियों द्वारा संत महात्माओं को पुष्प माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया एवं श्रीराम नाम संकीर्तन करते हुए उनकी अगवानी की गई। मंदिर पहुंचकर राजेश्री महन्त महाराज ने भगवान का दर्शन व विधि विधान से पूजा अर्चना किया तत्पश्चात उपस्थित सभी संत महात्माओं ने बारी-बारी से उनसे भेंट-मुलाकात की एवं उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त किया। महन्त मोहित दास महाराज ने उन्हें कार्यक्रम की विषय वस्तु से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस अवसर पर महन्त राधामोहन दास, दयाल दास, देवनाथ दास, कोतवाल पवन दास तथा आचार्य संतोष शर्मा, अनिल शर्मा, पूर्णेन्द्र शर्मा, कमल शर्मा, देवांक शर्मा, तरुण शर्मा, जतिन शास्त्री, धर्मदास वैष्णव, रामकुमार वैष्णव, हरिराम साहू, हेमलता साहू, चंद्रिका प्रसाद पाण्डेय, नंदकुमार वैष्णव, गंगादास वैष्णव, राजीव वैष्णव, गीता वैष्णव, सत्येंद्र वडघरे सहित बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के भक्तजन व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## अक्षय कोशले बने जिला आबकारी अधिकारी, परिजनों व क्षेत्रवासियों में उत्साह



**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा के बाद हुए साक्षात्कार में अक्षय कोशले पिता टीसी कोशले ने सफलता हासिल कर परचम लहराया है। कुण्डा निवासी अक्षय कोशले का चयन जिला आबकारी अधिकारी के पद पर चयन हुआ, अक्षय ने प्रारंभिक शिक्षा कुण्डा से प्राप्त किया और उच्च शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय मे करने के बाद एनआईटी रायपुर मे अध्ययन किया। उन्होने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा की कठिन परीक्षा में शीर्ष स्थान अर्जित किया है, निश्चित रूप से युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन चुके हैं। अक्षय कोशले ने अपनी मेहनत, संकल्प व समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है वहीं आपकी इस सफलता पर परिजनों व आसपास के क्षेत्रवासियों में भारी खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है जिस पर हरियर कुण्डा समिति से रोहित रजक, नंदेश्वर ठाकुर, तोमन ठाकुर, नीलम धनकर, इन्द्रजीत मंडलोई, महेन्द्र सेन व सदस्यो ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### देखरेख के अभाव में सड़क जर्जर व जगह जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील

# सड़क मरम्मत व सुधार कार्य में जिम्मेदारों की सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति, ग्रामीण व राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में शासन प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण कराया गया। जो कि देखरेख के अभाव में सड़क जर्जर व जगह जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील होने के कारण आवागमन बाधित तथा रहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

जिस पर ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को कई बार शिकवा शिकायत की गई। वहीं जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा मरम्मत तथा सुधार कार्य में सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति की वजह से वर्तमान में किया गया सुधार व मरम्मत कार्य से स्थिति जस के तस बनी हुई है। वहीं ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्रवासियों को आने जाने में तथा गन्ना किसानो को गन्ना परिवहन में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्राम कोलेगांव वासियों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियो को इस ओर ध्यान देने तथा जर्जर सड़क की मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

### रूसे से दामापुर सड़क के सुध लेने वाला कोई नही

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रूसे से दामापुर सड़क अत्यंत जर्जर व बदाहाल होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा रूसे से दामापुर तक सड़क की स्वीकृति राशि मिलने के बाद भी निर्माण कार्य नही कराया जा रहा है। जिससे आसपास क्षेत्र के ग्राम सेमरकोना, निगापुर, दामापुर के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### याद किए गए शहीद वीर नारायण सिंह



**कवर्धा।** जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित आदिवासी मंगल भवन में मंगलवार को जिला गोंड समाज सेवा समिति एवं छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला कबीरधाम के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला गोंड समाज सेवा समिति के संरक्षक इतवारी मेरावी, महासचिव डॉ. संतोष सिंह धुर्वे, संगठन मंत्री नंदलाल मरावी, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह धुर्वे, ब्लॉक अध्यक्ष लोहारा मनीराम छेदावी, पारस धुर्वे, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज रुढ़ी जन्य परंपरा आधारित जिला अध्यक्ष सुखनंदन धुर्वे, महासचिव देवन धुर्वे, कोषाध्यक्ष सोनाऊ धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष धीरज छेदावी, जिला उपाध्यक्ष भागेला मेरावी, जिला संयुक्त सचिव सरवन धुर्वे, बसंत मरावी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### खुद का पक्का आशियाना पाकर शांति बाई गदगद

**कवर्धा।** कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका खुद का पक्का मकान होगा। लेकिन आज, कबीरधाम जिले के बोड़ला जनपद पंचायत के सिघनपुरी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम हाथीडोब की शांति बाई बैगा का यह सपना साकार हो गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय से आने वाली शांति बाई ने अपने जीवन की कठिनाइयों और संघर्षों को पीछे छोड़ते हुए प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत न केवल अपना पक्का आवास बनाया, बल्कि सरकार की अन्य योजनाओं से भी भरपूर लाभ उठाकर अपने जीवन में नई खुशियां पाई हैं। विधवा और एकल महिला होने के बावजूद, शासन की मदद से शांति बाई ने यह दिखा दिया कि इच्छाशक्ति और शासन की योजनाओं का सही उपयोग लोगों की जिंदगी में बड़े बदलाव ला सकता है। उनकी कहानी शासन की योजनाओं के प्रभाव और समाज के सबसे वंचित वर्गों के उत्थान की प्रेरणादायक मिसाल है।

**समस्या:** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने किया ऐलान

# जिले में आज से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ होने के महज हप्ते भर बाद ही उत्पन्न हुई बारदाना की किल्लत के बाद अब जिले के धान खरीदी केन्द्रों में धान उठाव की गंभीर समस्या देखने को मिल रही है। आरोप है कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी में व्यवधान उत्पन्न करने वाली इन गंभीर समस्याओं के प्रति शासन प्रशासन द्वारा कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है यहीं वजह है कि सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने बुधवार 11 दिसम्बर से जिले के सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों में गौरतलब है कि इस संबंध में सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने गत 7 दिसम्बर को एक आवश्यक बैठक आयोजित की थी और जिले में चल रही वर्तमान धान खरीदी की समीक्षा की थी। बैठक में समीक्षा उपरांत पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया था कि धान खरीदी की तुलना में धान का परिवहन न के बराबर हुआ है। इसके अलावा न ही पर्याप्त मात्रा में टीओ जारी हो रहा है और न ही मिलर्स के द्वारा उठाव किए जाने को कोई समय सीमा निर्धारित की गई है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन धान खरीदी की अपेक्षा उठाव नही होने के कारण फड़ में धान रखने की जगह समाप्त हो चुकी है। उन्होने बताया कि गत 14 नवम्बर से जिसे की समितियों ने लगातार धान खरीदी की जा रही है। इस हिसाब से एक महिने खरीदी होने के करीब है जिससे खरीदे गए धान में सुखत आने की पूर्ण संभावना बनी हुई है, साथ ही मौसम में बदलाव आने के कारण पर्याप्त सुरक्षा कर पाने में समिति असमर्थ है। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने बताया कि इस स्थिति में प्रबंधकों को खरीदी केन्द्रों में कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि अब संघ ने जिले की सभी 108 समितियों में बुधवार 11 दिसम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद की जा रही है।

### लगातार की शिकायत के बाद भी नहीं किया गया समस्या का समाधान



सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया है कि इस संबंध में प्रारंभ से ही शासन प्रशासन को अवगत कराया जाता रहा है। वहीं बीते 7 दिसम्बर को भी संघ ने अपनी समीक्षा बैठक के बाद शासन प्रशासन को लिखित ज्ञापन सौंपकर समितियों से धान उठाव सुनिश्चित किए जाने का निवेदन किया था। लेकिन शासन प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते अब संघ को धान खरीदी बंद करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

### संघ ने शासन-प्रशासन के समक्ष रखी मांग

संघ ने आरोप लगाया है कि संग्रहण केन्द्र द्वारा मनामानी पूर्वक गुणवत्ता की छंटनी की जा रही है जो कि अनुचित है। क्योकि समिति द्वारा धान की वेराईटी अनुसार ही धान भेजा जा रहा है। कृषक संघ द्वारा धान तौल को 40.700 किलोग्राम लेने हेतु तय किया गया है जिसका संघ विरोध करता है। क्योकि 40.700 में धान खरीदी होती है तो विपणन संघ द्वारा धान का तत्काल उठाव की व्यवस्था नही है।ऐसी स्थिति में संघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि 11 दिसम्बर दिन बुधवार से संपूर्ण जिले के 108 धान खरीदी केन्द्रो उठाव एवं अन्य समस्याओं के निराकरण नही होने तक धान खरीदी बंद रहेगी।

# 4 करोड़ 32 लाख रुपए की स्वीकृति से शुरू होंगे 85 निर्माण कार्य

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर जिले में विकास को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर कबीरधाम जिले के समग्र विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए 4 करोड़ 32 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।



यह स्वीकृति जिले की बुनियादी ढांचे और सामुदायिक परियोजनाओं के लिए विभिन्न मदों से दी गई है, जिससे विकास के नए रास्ते खोलेंगे। इसके तहत, विधायक निधि से 6 कार्यों के लिए 18 लाख रुपए, ओबीसी प्राधिकरण से 15 कार्यों के लिए 1 करोड़ 28 लाख रुपए, समग्र योजना से 37 कार्यों के लिए 95 लाख रुपए, और अधोसंरचना पर्यावरण मद से 27 कार्यों के लिए 1 करोड़ 91 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर जिले के विकास को गति देते हुए सीसी रोड, आहता निर्माण, चबूतरा निर्माण, मंगल भवन, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम शेड, रंगमंच, विभिन्न भवनों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, शौचालय निर्माण और चौक निर्माण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इन कार्यों के निर्माण से जिले के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास है और इससे क्षेत्रीय निवासियों को बुनियादी सुविधाओं में सुधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य कबीरधाम जिले के हर नागरिक की जिंदगी को बेहतर बनाना है। इन परियोजनाओं के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जिले में बुनियादी ढांचा और विकास कार्य तेजी से हो। हमें उम्मीद है कि ये कार्य न केवल जिले के विकास को गति देंगे, बल्कि स्थानीय समुदाय में आत्मनिर्भरता और समृद्धि भी लाएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से इन परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए है ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। इस पहल से कबीरधाम जिले में विकास के कई महत्वपूर्ण मोर्चों पर प्रगति होगी, जिससे स्थानीय समुदाय की जीवनशैली में सुधार आएगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा द्वारा जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण एवं वनांचल ईलाकों के बासिंदों की मांग एवं जरूरतों के हिसाब से लगातार विकास एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करा रहे हैं।

# विधायक ने रखी विकास एवं निर्माण कार्यों की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई/कुकदुर




क्षेत्र की प्रगति का आधार, सड़कों का विस्तार इस कथन को चरितार्थ करते हुए मंगलवार को ग्राम भाकुर में क्षेत्रवासियों के साथ पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 73 लाख 63 हजार रुपए के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान भाकुर में 10 लाख 39 हजार, मजगांव में 14 लाख 14 हजार, घोघरा खुर्द में 13 लाख 56 हजार, भेलकी में 14 लाख 98 हजार, देवसरा में 09 लाख 04 हजार एवं खाम्ही में 11 लाख 52 हजार रुपए के सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण साथ ही साथ सरईसेत में सामुदायिक भवन 12 लाख, सीसी रोड 5 लाख, सांस्कृतिक भवन 3 लाख, नाली निर्माण 5 लाख, नाली निर्माण 5.00 लाख, नाली निर्माण 7.00 लाख कुल 37.00 लाख रुपए वहीं गांगपुर में 33/11 के व्ही उपकेन्द्र निर्माण, मुख्यमंत्री विद्युत प्रवाह योजनांतर्गत ग्राम गांगपुर-बिरमपुर की लागत राशि 239 लाख रूपए का लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती भावना बोहरा व अध्यक्षता श्रीमती समुंद सेवाराम कुर्रे, विशिष्ट अतिथि गजपाल साहू, रसपाल सिंह टेकाम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैगा पारंपरिक नृत्य एवं पगड़ी पहनाकर विधायक का किया भव्य स्वागत विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास ही हमारे विकसित भारत का आधार है। सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए 1 वर्षों में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की है और आगे भी यह विकास यात्रा दोगुनी रफ्तार से जारी रहेगी। इस अवसर पर विरेंद्र शर्मा, खेमसिंह ठाकुर, नवल पांडेय, उत्तम मसकोले, रितेश ठाकुर, विशाल शर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर, रतिराम भट्ट, चंद्रकुमार सोनी, कृष्णा कुंभकार, संजय जैन, सुमिर पुसाम, बसंत बाटिया, संतोष श्रीवास, दीपक सलुजा, दशरथ कुंभकार, यशवंत श्रीवास, पुरन राजपूत सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# तेज रफ्तार हाईवा चालक ने ग्रामीण को मारी ठोकर, मौके पर मौत

## लगातार हो रहे सड़क हादसे





- अपने घर से बिजली बिल जमा करने जा रहा था बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

स. लोहारा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोपेड वाहन सवार ग्रामीण को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना मोपेड वाहन सवार ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है लेकिन अभी तक आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 दिसम्बर मंगलवार को ग्राम धनेलीडीह निवासी ईश्वर कौशिक आयु 65 वर्ष अपने वाहन टीवीएस एक्सल वाहन क्रमांक सीजी 06 बी 5525 से बिजली का बिल जमा करने च्वाइस सेंटर उड़िया कला जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्राम चिलमखोदरा स्थित नर्सरी के पास विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेआर 9892 के अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनके वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में ईश्वर कौशिक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल स. लोहारा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

वहीं हाईवा वाहन को भी जप्त कर लिया गया है। लेकिन आरोपी वाहन चालक पर कार्यवाही की जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में इन दिनो एक के बाद एक लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे है।

जिन्हे रोकने के लिए किसी के द्वारा कोई रूचि अथवा पहल नहीं दिखाई जा रही है। नतीजतन लापरवाह वाहन चालक सड़कों में फर्राटे भर रहे हैं।

# गुरुकुल की छात्रा को नृत्य प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



गोविन्द लीला कला कौशल के तत्वावधान में कलावंत राष्ट्रीय स्तर की सेमी क्लासीकल नृत्य प्रतियोगिता गत दिनो प्रदेश की राजधानी रायपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकांश विद्यालयों के प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई। जिसमें गुरूकुल पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 वीं की छात्रा पल्लवी साहू ने सभी प्रतिभागियों में उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता के लिए शाला के नृत्य शिक्षकों ने प्रशिक्षण देकर छात्रा को उत्कृष्ट बनाया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण व शाला के प्रभारी प्राचार्य ने प्रशिक्षक व छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# बिरोडा केन्द्र में अवैध धान खपाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विकासखण्ड स. लोहारा क्षेत्र के ग्राम बिरोडा सोसायटी में ग्रामीणों ने अवैध ढंग से धान खरीदी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इस अवैध खरीदी का एक विडियो भी सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि धान खरीदी केन्द्र में कार्यरत कम्प्युटर ऑपरेटर द्वारा बगैर समिति प्रबंधक की जानकारी के अवैध ढंग से धान की बगैर तौलाई तथा बगैर जांच व टोकन कटे उसे फड़ में जमवा दिया गया। ग्रामीणों की माने तो जब इस संबंध में समिति प्रबंधन से चर्चा की गई तो उन्होने इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं होने की बात कही है। वहीं अब ग्रामीण किसानो व भारतीय किसान संघ ने इस मामले की जांच प्रशासन से कराए जाने तथा दोषी कम्प्युटर ऑपरेटर के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**शिविर में 502 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, 100 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी**

# सहसपुर लोहारा में मेगा स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश तथा कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा में पहली बार गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच और मेगा स्वास्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 502 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 100 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया। इस दौरान शिविर में इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ और दंत रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में सोनोग्राफी के अलावा 80 मेडिसिन से संबंधित रोग का इलाज किया गया। 72 आर्थो से संबंधित रोग का इलाज किया गया। सर्जरी से संबंधित 28, बच्चों से संबंधित मरीज 73 की जांच किया गया। शिविर में अन्य बीपी शुगर और अन्य सामान्य ओपीडी में 147 मरीज का इलाज किया गया। शिविर मे उच्च जोखिम मरीज का चिह्नांकित कर पहले से भर्ती करने का सलाह दी गई। शिविर में जिला अस्पताल से मेडिसिन रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ रेडियोलॉजी, सर्जरी रोग विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ मेडिकल ऑफिसर, विकासखंड से बीएमओ डॉ. योगेश साहू , डॉ. पुरूषोतम बंधवे तथा ब्लॉक की समस्त टीम द्वारा जांच की गई।

### गर्भवती माताओं से सीधा संवाद

शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा माताओं से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार के शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम साबित हो रहे हैं। राज्य शासन का यह प्रयास महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिविरों के माध्यम से न केवल जटिलताओं का समय रहते पता लगाया जा रहा है, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना क्षेत्र की स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने में सहायक है। वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहले भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए गए हैं। 19 जुलाई को झलमला, 7 अक्टूबर को तरेगांव और 8 अक्टूबर को रेंगाखार में, 24 नवम्बर को बोडला में, 25 नवम्बर को चिल्फी में शिविरों का आयोजन किया गया।

# वनांचल के बैरख स्कूल में शहीद वीर नारायण सिंह का मनाया गया बलिदान




हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

वनांचल के शासकीय हाई स्कूल बैरख प्रांगण में मंगलवार को शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र में पूजा अर्चना, माल्यार्पण कर उनके बलिदान को याद किया गया।

संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों के मसीहा थे। शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों एवं असहायों की मदद हमेशा करते थे। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह को अंग्रेजों ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर के जय स्तम्भ चौक में फांसी दी थी। व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने वीर नारायण सिंह की जीवनी के बारे में बताया। आज 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकारों की विश्व व्यापी घोषणा को अंगीकृत किया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1950 में 10 दिसम्बर के दिन को मानवाधिकार दिवस घोषित किया। किसी भी व्यक्ति में जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान का अधिकार ही मानव अधिकार है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।